






**आयोजन** | एक दूसरे को कजलियां देकर हुआ मिलन, समरसता सेवा संगठन द्वारा सर्व समाज की सहभागिता से हुआ आयोजन

# कजलियां महोत्सव में दिखी सनातन की शक्ति

**नवभारत, जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन के आयोजनों में सनातन की जो शक्ति नजर आती है, वो अद्भुत है। संहिष्णुता, एकता और भारतीयता के लिहाज से ये बहुत बड़ी सेवा और सफलता है, तदाशय के भाव-उद्गार संस्कारधानी में सामाजिक समरसता संगठन की संयोजना में वृहद रूप से मनाए गए 'कजलियां महा मिलन महोत्सव' में पधारे संत वृंतो ने व्यक्त किए। संतों ने कहा कि समरसता भारतीय संस्कृति की आत्मा है। समरसता के बगैर भारतीय समाज निष्प्राण है। समरसता सेवा संगठन ने समाज में समरसता के प्राण फूंक रहा है।

उल्लेखनीय है कि समरसता सेवा संगठन द्वारा सर्व समाज कि सहभागिता से समरसता कि भावना को जागृत करने वाले पर्व क़ज़ालिया को तीसरे वर्ष हनुमानताल में संस्कारधानी समरसता कजलिया महोत्सव के रूप में मनाया गया। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन के आहवान पर जबलपुर के सभी समाजो ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सहभागिता दी। इस अवसर पर उपस्थित सर्व प्रथम एक दूसरे को कजलिया देकर संतो का मिलन हुआ उसके उपरांत मंच पर लगातार लाइन लगाकर उपस्थित जनसमुदाय ने संतो से कजलिया लेते हुए आशीर्वाद लिया। कजलियां महोत्सव मेला के पारंपरिक स्थल हनुमानताल में आयोजित इस भव्य-दिव्य एवं गरिमामय समारोह को संतों-महंतों सहित प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं दीं। सभी समाज के आगंतुक विद्वत जनों ने कहा कि हमारे त्यौहार समरसता और सद्भावना के प्रतीक हैं। इन पर्वो के आयोजन पर सभी जाति, वर्ग और समाज के लोग आपस में जुड़कर आपसी एकता का संचार करते हैं। कजलियां महापर्व भी इसी परंपरा से ओतप्रोत है।




### कई संगठनों की सहभागिता

संस्कारधानी के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर मनाए गए कजलियां महा महोत्सव में संस्कारधानी के सैकड़ों सामाजिक संगठनों सहित कई व्यापारिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक संस्थाओं की सहभागिता रही। आयोजन में शामिल संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक समरसता संगठन के ही नागपंचमी आयोजन में वितरित कजलियां पात्र में बोई गई कजलीयां लेकर उपस्थित हुए।

### पारम्परिक गीतों ने बंधा समा

समारोह का श्रीगणेश मां नर्मदा पूजन कर दीप प्रज्जवल से किया गया। वेद मंत्रोच्चार के बीच कजलियां पूजन की गई। इसके बाद संतों का पूजन-अर्चन किया गया। समारोह में मां नर्मदा अष्टक और स्वस्ति वाचन की समवेत प्रस्तुति, नर्मदा जी पर आधारित नृत्य नाटिका, कजरी, आल्हा, लोकगीत गायन सहित पारंपरिक नृत्य की मोनमोहनी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बुंदेलखंड के सुपरहिट लोकगीत गायक जित्तू खरे, प्रसिद्ध गायक मनीष अग्रवाल मोनी, मिठाईलाल चक्रवर्ती, रवि शुक्ला, नरेन्द्र राज, सविता मिश्रा, इंदु मिश्रा ने समां बांध दिया।

फोटो : हरि मेहरा

### बच्चों-महिलाओं की प्रतियोगिता

इस अवसर पर बच्चों और महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जैन ने बताया कि दो वर्गों के छात्रों के लिए निर्धारित शब्दों में लिखकर लाए गए निबंध कार्यक्रम स्थल पर जमा किए गए। वहीं महिलाओं एवं बच्चों के लिए विविध वेषभूषा, हस्त निर्मित राखी सृजन, पूजा थाली सजावट की प्रतियोगिता रखी गई। सभी प्रतिभागियों की प्रतियोगिता दोनों प्रतियोगिताओं के 10-10 चयनित प्रतिभागियों को आगामी कार्यक्रम पर नगद पुरस्कृत किया जाएगा।

### कजलियां भोज का अनूठा जायका

कजलियां महा महोत्सव में पारंपरिक स्वादिष्ट और जायकेदार खान-पान में भी सामाजिक सहभागिता रही, जिसमे जैन समाज द्वारा गुड़ की जलेबी और मोटे सेव, राजपूत समाज द्वारा , पंजाबी समाज एवं अग्रवाल समाज द्वारा पूड़ी सब्जी, सिंधी समाज द्वारा कढ़ी चावल, स्वर्णकार समाज द्वारा स्वीर कॉर्न, राजपूत सभा द्वारा जगन्नाथ का भात, चौरसिया समाज द्वारा मुखवास पान आदि जायका आयोजन स्थल उपलब्ध कराया गया।

### संतों एवं प्रबुद्धजनों ने दी शुभकामनाएं



कजलियां महा महोत्सव में स्वामी सुखानन्द द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य, नृसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ. नरसिंहदेवाचार्य, स्वामी गिरीशानंद साकेतधाम, स्वामी अखिलेश्वरानंद, स्वामी राधे चैतन्य, जगद्गुरु बालगोविन्दा चार्य, स्वामी पगलानंद, स्वामी अशोकानंद, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी,महंत कालीनन्द, सहित अनेक संतवृंद महंत ने उपस्थित होकर अपने श्रद्धा शब्द सुमन से आशीर्वाचान किए। वहीं सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक सुशील तिवारी इंदू, नीरज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, क़ृषि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. पी के मिश्रा, वरिष्ठ नेता प्रभात साहू, विनोद गोंटिया, लेखराज सिंह मुन्ना, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज,पार्षद कविता गोंविद रैकवार सहित कई गणमान्य जनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



### किन्नर समाज जुलूस के साथ हुआ शामिल

समरसता सेवा संगठन के एतेहासिक आयोजन में किन्नर समाज जबलपुर हीरा गुरु की अगुवाई में जुलुस के साथ सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर शामिल किन्नर गुरुओ ने संस्कारधानी कजलिया महोत्सव के लिए संगठन को बधाई दी।

## एक नजर में




### ब्रह्मकुमारी बहनों ने नशा मुक्ति केंद्र में मनाया रक्षाबंधन

**जबलपुर।** नवज्योति नशा मुक्ति केंद्र में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जय भीम नगर ग्वारीघाट जबलपुर द्वारा यहां के भाइयों को रक्षाबंधन के पावन पर्व मनाया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहन आरती, ब्रह्मकुमारी बहन सुनीता द्वारा रक्षा सूत्र बांध, तिलक लगाया तथा मुख मीठा कराकर नशा मुक्ति दृढ़ संकल्प के साथ बुराइयों को दान के रूप में सभी भाइयों से फॉर्म भराया गया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश मालवीय हेमंत सोलंकी, श्वेता मिश्रा, नीरज, अशोक ठाकुर, रश्मि सोलंकी, शिवानी जाटव आदि उपस्थित रहे।




### रैली निकाल दिया हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का संदेश

**जबलपुर ।** पीएमश्री शा उ.मा.वि. सालीवाडा में म.प्र. शासन के स्वच्छता विभाग द्वारा चलाए हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिनमें स्वच्छ सुजल गाँव,शपथ स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण आजादी का श्रमदान अभियान प्रतिनिधियों से गाँव को स्वच्छ बनाने के अभियान चलाया गया, साथ ही सालीवाडा ग्राम में रैली निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य निर्देशन अंजना सराफ, सरोज विनोदिया, ध्रुव कुमार गोल्हानी सहित समस्त छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।



### श्रीकृष्ण जमाष्टमी पर होंगे 5 दिवसीय कार्यक्रम

**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर के द्वारा श्रीकृष्ण जमाष्टमी के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसकी शुरुआत12 अगस्त मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह से होगी जो मानस भवन में 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। वहीं 16 अगस्त शनिवार शोभायात्रा चल समारोह 1.30 बजे प्रारंभ होगा। शोभायात्रा चल समारोह में प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, शहर अध्यक्ष चन्दन सिंह यादव, सुभाष यादव, मनोज यादव पप्पू, शिव यादव, सुनील यादव, दिनेश यादव, पूर्व विधायक संजय यादव आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

## तिरंगे पर केंद्रित देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति

**जबलपुर ।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा आदेशित इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस, हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग वाक्य पर आधारित है। इसी कड़ी में 6 वीं वाहिनी जबलपुर ने दर्शन तिराहे रांझी जबलपुर में देशभक्ति जागरण तथा तिरंगे पर केंद्रित देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।

निरीक्षक विक्रम सिंह, सहायक उप निरीक्षक मनोज बरार, प्र आर केवी प्रसन्ना , अजय कनौजिया, नरेंद्र सेन और राजेश बंसल के गीतों ने वातावरण को तिरंगे मय और देशप्रेम से सराबोर कर दिया। उक्त कार्यक्रम में क्वार्टर मास्टर हितेश फुलझेले, निरीक्षक विजय सिंह मेहरा, स्वरूप सिंह उइके, शैलेंद्र राजपूत, सूबेदार मेजर बिलार सिंह जामरा, उनि संदीप सनोडिया अन्य रिटायर्ड पुलिस सदस्य एवं आम जनता की भारी भीड़ उपस्थित रही।




### अहमद को मिला राष्ट्रपति से मिलने का अवसर

**जबलपुर।** शहर के होनहार छात्र मोहम्मद अहमद सिद्दीकी की असाधारण प्रतिभा की सराहना स्वयं भारत की राष्ट्रपति ने की है। कक्षा 5 के छात्र अहमद, जो ऊर्जा विभाग के मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में कार्यरत प्रबंधक ( मानव संसाधन ) नुसरत अलताफ़ सिद्दीकी के पुत्र हैं, को देशभर के चुनिंदा विद्यार्थियों के साथ विशेष शैक्षिक यात्रा के अंतर्गत रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का गौरव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर देशभर से कई प्रतिभाशाली बच्चे भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति को सभी बच्चों के द्वारा राखी भेंट स्वरूप दी गई।



## कहीं वैदिक अनुष्ठान तो कहीं सप्तऋषि पूजन

**सावन शिवाराधना की पूर्णाहुति पर शहर भर में आयोजन**

**जबलपुर।** शिव का महीना कहे जाने वाले श्रावण माह में लगभग हर मंदिर और घरों में हुई शिव आराधना के एक माही अनुष्ठान का समापन पूर्णिमा पर विशेष विसर्जन पूजा और पूर्णाहुति के साथ हुआ। इस दौरान लगभग हर मंदिर में ओम नमः शिवाय और बम भोले की अनुगूंज रही।

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, भूतनाथ की टेकरी, गंजीपुरा स्थित बड़े शंकरजी, बादशाह हलवाई मंदिर में विराजे महादेवजी, खारीघाट के शिव पंचायतन मंदिर, कचनार महादेव सहित सभी मंदिरों में पूजन-अर्चन के साथ सावन की विशेष आराधना का विश्राम हुआ। अब चलने वाली शिव पूजा ही करेंगे। भक्तजन साल भर श्री



बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में श्रावण मास की पूर्णिमा में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सान्निध्य में उपनीत द्विजों के द्वारा माँ नर्मदा के तट जिलहरी घाट में ब्राम्हणों के महापर्व श्रावणी उपाकर्म को संपन्न कर। शंकराचार्य मठ में सप्तऋषि पूजन संपन्न हुआ।

### ये हुए सम्मिलित

इस अवसर पर आचार्य राजेन्द्र शास्त्री, पंडित शारदानंद द्विवेदी, पंडित गौरीशंकर चौबे, पंडित अजय दुबे, पंडित कमलेश शास्त्री, टेकचन्द शर्मा, पंडित ऋषि, पंडित हरिशंकर, पंडित सुशील एवं आस पास के क्षेत्रीय ब्राह्मण सम्मिलित हुए।

**आयोजन** | दत्त मंदिर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

## आया सावन झूम के ....



**जबलपुर, नवभारत।** सिद्धिविनायक एवं सिंगिंग स्टार्स ऑफ़ जबलपुर ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में गीत संगीत का शानदार प्रोग्राम दत्त मंदिर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आगाज़ ग्रुप की वरिष्ठ कलाकार अर्चना देशमुख द्वारा गायक कलाकारों का सम्मान कर किया गया। जिसके बाद विवेक एवं सुरजीत खुराना द्वारा रिमझिम के गीत गए सावन और सावन का महीना पवन करे शोर जैसे मधुर गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन अयाज मंसूरी द्वारा किया गया था। इस दौरान दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिली।

**सावन के गीतों पर था आधारित**-कार्यक्रम की थीम सावन के गीतों पर आधारित थी। ग्रुप के लक्ष्मण ठाकुर, के के ताम्रकार, इंद्र नारायण, कौशिक गुप्ता जैसे कलाकारों ने आया सावन झूम के, पतझड़ सावन बसंत बहार, सावन के झूलों ने मुझको बुलाया जैसे आदि गीतों को प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इस दौरान प्रशांत ठाकुर, अमित खंडेलवाल, अर्जुन सोमवंशी, किरण रंगारी जैसे आदि कलाकार मौजूद थे।

### इनका कहना है



शहर में मौजूद सभी सिंगिंग ग्रुप के द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। मुझे भी गीत संगीत के कार्यक्रमों में जाना बहुत ही पसंद है।

**डॉ. सलमा जमाल**



सावन की थीम पर आधारित इस प्रोग्राम में सभी कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दी मैंने भी आया सावन झूम के गीत गाकर दर्शकों की वाहवाही बटोरी।

**विवेक**

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा ( हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरुष) अस्थमा
IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER

प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना
(कॉलेज कोड-2174)
रेवा बी.एड. कॉलेज
NCTE उच्च शिक्षा विभाग व रानी दुर्गावती वि.वि. से मान्यता प्राप्त
* ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन -15/07/2025 से 18/07/2025 *आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल्यदस्तावेजों टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यान हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट करना-23/07/2025 से 25/07/2025 * आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारंभ करना आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि (प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा)-23/07/2025 से 26/07/2025
साँई डी.एड. कॉलेज
(कॉलेज कोड-71209)
माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त
67, महाकौशल नगर, अधारताल, जबलपुर
मो. 9425868370, 9407183087